




पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-05-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 | अंक-22 | भीलवाड़ा/07 मई, 2024 | कुल पृष्ठ- 20 | मूल्य : 25 रुपए 1













**FABEXA - FABRIC SOURCING EXPO SPECIAL EDITION**

FABEXA AHMEDABAD FABRIC SOURCING EXPO EDITION 9

21st - 24th MAY, 2024
HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR

Page No. 11 to 18







## कॉटन स्पिनिंग उद्योग के लिए राहत

# स्थिर कॉटन के भाव से मार्जिन में वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली / राजेश शर्मा**

देश के कॉटन स्पिनिंग उद्योग के लिए यह एक राहत की बात है कि एक अप्रैल से आरंभ हुआ वित्त वर्ष अच्छा रहने का अनुमान है, क्योंकि कॉटन के स्थिर भाव के कारण उद्योग के ऑपरेटिंग मार्जिन में 150-200 अंकों का सुधार होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 में उद्योग का ऑपरेटिंग मार्जिन गिरकर 8.50-9 प्रतिशत रह गया था जो गत एक दशक में सबसे कम था। क्रिसिल रेटिंग्स नामक एजेंसी का कहना है कि, चालू वित्त वर्ष में कॉटन की उपलब्धता अधिक होने से इसके स्थिर भाव तथा यार्न की अधिक मांग के कारण कॉटन और यार्न के भाव में बढ़ते अंतर के कारण स्पिनिंग उद्योग के ऑपरेटिंग मार्जिन में सुधार का अनुमान है। एजेंसी का कहना है कि गत वर्ष कॉटन यार्न के अधिक स्टॉक तथा यार्न और कॉटन के भाव में अंतर कम होने से स्पिनिंग के ऑपरेटिंग मार्जिन गिरकर एक दशक के सबसे निचले स्तर पहुंच गया था। बहरहाल, इस वर्ष उद्योग की स्थिति बदली हुई है। एजेंसी का कहना है कि विश्व बाजार और घरेलू बाजार में कॉटन के औसत भाव तथा घरेलू बाजार में कॉटन के भाव उद्योग के पक्ष में हैं। एजेंसी का कहना है कि यार्न के स्थिर भाव और निचले स्तर पर कॉटन यार्न की मांग आने से उद्योग के राजस्व में भी 4 से 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि यार्न के भाव में भारी गिरावट के कारण गत वर्ष राजस्व में 5-7 प्रतिशत की कमी आई थी। एजेंसी का कहना है कि उसने 95 स्पिनिंग उद्योगों के क्रियाकलाप का विश्लेषण करने पर पाया कि इस वर्ष स्पिनिंग उद्योग के क्रेडिट प्रोफाइल में भी सुधार होगा, जबकि गत वर्ष यह प्रभावित हुआ था। इन 95 उद्योगों का देश के स्पिनिंग उद्योग के कुल राजस्व में 35-40 प्रतिशत का योगदान है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू बाजार में कॉटन की बेहतर उपलब्धता और मांग में लगातार वृद्धि के कारण कॉटन यार्न का स्प्रेड सुधरकर 90-92 रुपए प्रतिकिलो हो सकता है, जो गत वर्ष लगभग 87 रुपए प्रतिकिलो था। इसका कहना है कि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में ही कॉटन की आवक में वृद्धि के साथ भाव में आई कमी से स्थिति में सुधार आना आरंभ हो गया और मार्जिन भी बढ़ने लगा था। क्रिसिल के निदेशक श्री गौतम शाही का कहना है कि कॉटन के भाव में गिरावट की संभावना और अंतरराष्ट्रीय बाजार से नीचे रहने के कारण स्पिनिंग मिलों को ऑपरेटिंग मार्जिन 150-200 बीपीएस बढ़कर 10.5-11 प्रतिशत हो सकता है।

उनका कहना है कि यार्न के भाव स्थिर रहने और घरेलू मांग में सुधार के कारण मिलों के राजस्व में 4-6 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। कॉटन यार्न के कुल उत्पादन की लगभग 75 प्रतिशत खपत घरेलू बाजार में फैब्रिक, रेडीमेड गारमेंट, होम टेक्सटाइल सेक्टर की ही होती है। श्री शाही का कहना है कि निर्यात मांग में 3-4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है जबकि, गत वर्ष इसमें 80-85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जो एक अपवाद है। रिपोर्ट का कहना है कि स्पिनिंग उद्योग इस समय अपनी स्थापित क्षमता का लगभ 80-85 प्रतिशत उपयोग कर रहा है तथा अनुमान है की आगामी महीनों में इसमें और सुधार होगा। बहरहाल, निकट भविष्य में स्पिनिंग उद्योग का पूंजी खर्च कम ही रहने का अनुमान है।



























# कम लागत में अच्छी गुणवत्ता तैयार करना मुख्य लक्ष्य

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

उत्पादन के साथ व्यावसायिक गतिविधियों की गति का प्रवाह यथावत है। पोपलीन और प्रिन्ट की मांग तो है परंतु बाजार में मंदी का माहौल पसरा हुआ है। निश्चित रूप से वैवाहिक कार्यक्रमों की रफ्तार समाप्त हो चुकी है और आगे काफी समय तक सावों की तिथियां नहीं है। चुनावी वातावरण से आम लोगों का ध्यान व्यापार आदि से हटा हुआ नजर आ रहा है। सभी अपनी-अपनी गणित के अनुसार चुनावी परिणामों को उजागर कर रहे हैं। इसलिए व्यापार शिथिलता के आगोश में है। आगे की सीजन के प्रति जहां मंदडिएं सक्रिय है, वहीं तेजडिएं ताल ठोककर तेजी को प्रश्रय दे रहे हैं। बाजार के भावों पर किसी न किसी रूप से विश्व में आच्छादित युद्ध के प्रभाव से भी इंकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर जिस दृष्टि से अप्रैल माह सदा बढ़कर रहता, वहीं इस बार संतोषजनक नही रहा। सभी दिन समान रूप से लाभार्जन के अनुरूप नही रहते, परिस्थितियों के अनुरूप चलते रहने वाले एक दिन सफलता का वरण अवश्य करते हैं। श्रमिकों के आने का क्रम तो जारी है, फिर भी उनकी कमी का खामियाजा उत्पादकों को भारी पड़ रहा है। उन्हें आंशिक उत्पादन लेने व अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करने में कई दिक्कतों से रूबरू होना पड़ रहा है। इसमें कोई संदेह नही की पहले औद्योगिक क्षेत्र में जो विरानी परिलक्षित हो रही थी, उसमें हलचल का स्पष्ट आभास हो रहा है। आज भी गांठे लाने, ले जाने , फोल्डिंग करने, गांठे बांधने आदि के कार्यों को कराने में भारी मशक्कत से गुजरना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के उद्यमी माल की गुणवत्ता बेहतरीन बनाने व लागत कम से कम आवे को ध्यान में रखते हैं। इसी साख के बल पर यहां के उत्पादों का वर्चस्व विश्वभर में स्थापित है। गारमेण्ट क्षेत्र में भी स्थानीय उद्यमियों ने नाइटी, पेटीकोट, साड़ी फॉल, बेबी सूट के साथ कई उत्पादनों से आकर्षण व ख्याति को बढ़ावा मिला है। सरकार इस ओर पूरी सचेष्ट होकर इसमें सहयोग करे तो यह क्षेत्र और प्रगति का प्रतीक बनेगा। टेक्नीकल टेक्सटाइल के उत्पादों के लिए इस क्षेत्र में व्यापकता स्पष्ट है। रिफायनरी से संबद्ध उद्योग इस क्षेत्र की क्षमता, खुशहाली व समृद्धि को कहा तक ले जाने में सक्षम है, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

### चुनावी माहौल का असर

चुनावी मुकाबला यहां विकट स्थिति में है। सभी कोई विजेता रूप में उभरने को आतुर है और अपनी विजय को चिह्नित कर रहे हैं। यहां सांसद वहीं बनेगा जिसे जातिगत वोट लेने में महारत है। सट्टा बाजार में भी कांग्रेस, बीजेपी और निर्दलीय की स्थिति में विशेष अन्तर नही है। कांग्रेस की अपनी गणित है, वहीं बीजेपी के लिए मोदी फेक्टर है तो निर्दलीय भी अपने बहुमुखी प्रचार माध्यम से अपनी जीत की बात को संवारते हैं। क्षेत्र के विकास की दृष्टि से सांसद और विधायक की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। इस बार विजेता सांसद अन्य समस्याओं को सुलझाने, विकासवादी परियोजनाओं को लागू करवाने के साथ राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने में अपनी भूमिका निभाकर इस वर्ष पुराने कार्य को पूर्ण कर सकते हैं।

# भीषण गर्मी के साथ कॉटन वस्त्रों की मांग बढ़ी

**उदयपुर / नवीन कोठारी....** वातावरण में दिन-प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वस्त्र बाजार में इन दिनों कॉटन वस्त्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए विक्रेताओं ने कॉटन वस्त्रों के ऑर्डर को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। हालांकि बाजार में सन्नाटा व्याप्त है किंतु जो भी ग्राहक आते हैं वे पहली डिमाण्ड कॉटन वस्त्रों की ही करते हैं। गर्मी के तेवर इतने तीखें है कि दोपहर में सभी सड़कें विरान हो जाती है। तापमान इतना अधिक है कि पंखे और कूलर भी फेल हो चुकें है। अब लग्न-मुहूर्त भी आखातीज के अलावा नहीं होने से वस्त्र-विक्रेताओं में शिथिलता आ गई है क्योंकि अब लग्न-मुहूर्त जुलाई में आने वाले हैं। वस्त्र-विक्रेताओं ने शादी-विवाह के निमित्त ऑर्डर बुक नहीं करवाएं। गर्मी के कारण रेडीमेड वस्त्रों में भी स्लीवलेस या हाफ आस्तीन के कॉटन शर्ट, टी-शर्ट, कुर्तीयां तथा साड़ियों में कॉटन साड़ियों की डिमाण्ड है। इसी तरह से शर्टिंग-सूटिंग तथा ड्रेस मटीरियल और ग्रे वस्त्रों में कॉटन की डिमाण्ड है। जानकारों के मुताबिक आगामी दिनों में कॉटन वस्त्रों के व्यापार में बढ़त देखी जाएंगी।




# लेडीज ड्रेस मटीरियल कपड़ों में गारमेण्टरों की हल्की मांग

**मुंबई / रमाशंकर पाण्डेय...** भीषण गर्मी और चुनाव के कारण गारमेण्ट में कारोबार बढ़ने के बदले घटा है। अप्रैल माह में गारमेण्ट में स्थानीय ग्राहकी बहुत ठंडी रहने से रिटेलर्स और गारमेण्ट मैन्युफेक्चरर्स के नये उत्पादों को बाजार में उतारने के लिए सोचने को मजबूर कर दिया है। यद्यपि बाजार में त्योहारी ग्राहकी नियमित मांग वाली है। मुंबई एक प्रकार से फैशन हब है। यहां पारंपरिक पोशाकों के साथ-साथ यूनिक कलेक्शन, वेस्टर्न कलेक्शन में बड़े ब्राण्ड्स के प्रॉडक्ट और इंडो वेस्टर्न कलेक्शन में एक से बढ़कर एक नई वैरायटी बाजार में आती रहती है, इसलिए गारमेण्ट के किसी न किसी सेगमेंट में मूवमेंट कमोबेस होता ही रहता है। गारमेण्ट और रिटेल काउंटरों की हल्की मांग लेडीज ड्रेस मटीरियल में दिखाई दी है। इस खंड में कॉटन बेस और जिसमें कॉटन फील हो ऐसे पॉलिएस्टर कपड़ों की मांग ड्रेस मटीरियल तैयार करने के लिए निकली है। कहा जा रहा है कि पॉलिएस्टर कपड़ों पर डिजिटल प्रिंट अच्छा आता है। प्रिंट में सोबर समर किस्म की डिजाइन की मांग है। प्लेन ड्रेस मटीरियल की भी मांग अच्छी रही है। गारमेण्ट की फैंसी वैरायटी में कारोबार कम होने की उम्मीद है कारण कि मई एवं जून में शादियां नहीं है। गर्मी के लिए पतले सूती कपड़ों की शर्टिंग एवं अन्य वैरायटी के साथ-साथ स्कूल यूनिफॉर्म में कारोबार अच्छा होने की संभावना है। यद्यपि बिक्री का सीजन अपने अंतिम पड़ाव की ओर है। मुंबई में 10 जून के आसपास बारिश शुरू हो जाती है और उस दौरान गारमेण्ट और कपड़ों में कारोबार घटने लगता है। स्थानीय मांग के साथ निर्यात में कारोबार अच्छा नहीं होने से गारमेण्ट उत्पादकों पर इसका असर देखा जा सकता है, परंतु यदि यूरोप और अमेरिका की गारमेण्ट की मांग बढ़ती है, तब गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन गतिविधियां बढ़ सकती है। यूरोप का अर्थतंत्र मंदा होने से निर्यात मांग घटी है, इतना ही नहीं निर्यात मांग लगातार दूसरें वर्ष घटी है। फिर भी जानकारों का कहना है कि देश-विदेश में गारमेण्ट की मांग बढ़ने की संभावनाएं अधिक है।

# कोल्हापुर के औद्योगिक विकास के लिए सरकार का सहयोग -श्री उदय सामंत

**कोल्हापुर / राहुल खाड़े**

कोल्हापुर के औद्योगिक विकास के लिए राज्य शासन कटिबद्ध है। नई औद्योगिक बसाहत खड़ा करने के साथ कोल्हापुर में आई.टी.पार्क के लिए सभी तरह का सहयोग किया जाएगा, ऐसा आश्वासन उद्योग मंत्री श्री उदय सामंत ने महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की ओर से जिले के प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित बैठक में कहा था। यह बैठक महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री ललित गांधी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उद्यमी सर्वश्री विजय मेनन, प्रकाश राठोड़, सुरेंद्र जैन, सचिन मेनन, प्रसाद मंत्री, भरत जाधव, आनंद देशपांडे, अजय सप्रे, सचिन शिरगावकर, मंगेश पाटील, शंकर दुल्हाणी, रवी डोली, जयेश ओसवाल, अश्विनी दानीगोंड, प्रकाश मेहता, राजु पाटील, राहुल सातपुते, शीतल संघवी, रणजीत जाधव आदि उपस्थित थे।







# सूटिंग-शर्टिंग प्रिण्टेड और फैंसी ड्रेसेज की मार्केट में धूम


**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी अच्छी चल रही है। आगे शादी-विवाह सीजन सीमित है, परंतु ग्राहकी अच्छी चल रही है। फैंसी बेस, सलवार सूट, फैंसी ड्रेस मटीरियल 20×20 ओरना सिरोसकी वर्क का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। धोती जोड़ा, शर्टिंग प्रिंटेड व सूटिंग फैंसी का चलन ज्यादा है। राजपूती ड्रेसेज, कॉटन प्रिंट, ओरना, टोरा-टोरा, 20×20 बड़ा पन्ना, 50×50 क्वालिटी चल रही है। ओरना, ड्रेस मटीरियल, साड़ियां हर क्वालिटी पर सिरोसकी वर्क का चलन बढ़ गया है। आगे स्कूल ड्रेस का सीजन आ रहा है जिनकी तैयारी में व्यापारी लग गये हैं। पेमेंट की आवक अच्छी है।

# कॉटन, लिनन एवं स्कूल यूनिफॉर्म का मार्केट में उठाव


**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

इस समय बाजार में ग्राहकी कॉटन, लिनन एवं बारीक फैब्रिक की मांग ज्यादा है जबकि, सिंथेटिक में लाइक्रा एवं टीआर की डिमाण्ड अभी ज्यादा चल रही है। जैसे शर्टिंग में कॉटन एवं लिनन की ग्राहकी अच्छी चल रही है। ड्रेस में स्कूल यूनिफॉर्म की बाजार में ग्राहकी अच्छी चल रही है, उसमें अच्छी बुकिंग आ रही है। पाली, बालोतरा में ड्रेस मटीरियल पोपलीन, रंगीन-सफेद रूबिया टू बाई टू, कैम्ब्रिक एवं कॉटन प्रिण्ट की साड़ियों की डिमाण्ड बनी हुई है। आगे बाजार के अन्दर सिफोन प्रिंट की मांग अच्छी है। वीरभान इन्द्रजीत के यहां सूटिंग-शर्टिंग की डिमाण्ड अच्छी है तथा मीलों का काम अच्छा हो रहा है। सुनील एण्ड कंपनी के यहां ड्रेस, स्कूल यूनिफॉर्म की बुकिंग अच्छी आ रही है। इनके द्वारा अच्छा मीलों का कपड़ा बेंचा जाता है तथा ग्राहकी अच्छी हो रही है, मीलों में बुकिंग बराबर हो रही है। पोपलीन में चुनाव होने के कारण ग्रीन व केसरिया रंग की बुकिंग पार्टियों के द्वारा अच्छी आ रही है तथा पाली, बालोतरा में इस रंग की अच्छी डिमाण्ड चल रही है। पेमेंट की आवक अच्छी चल रही है।





















# गर्मी का बढ़ रहा पारा ग्राहकी हो गई बर्फीली

**निजामाबाद/ जुगल किशोर झँवर**

तेलंगाना में विवाह 28 अप्रैल के बाद सीधे अगस्त माह में रहने से बाजार में भंयकर सन्नाटा छा गया है। मई से जुलाई माह में विवाह मुहूर्त नही होने से सभी होलसेल, रीटेल व्यापारी परेशान है। कारण आजकल हर दुकानदार के खर्चे बहुत बढ़ गये हैं। होलसेल हो या रीटेल कर्मचारियों के वेतन, बिजली बिल सभी खर्चे बंधे हुए हैं। कपड़े का व्यापार ही शादी-विवाह के भरोसे चल रहा है। पुरुष रेडीमेड टी-शर्ट, जींस फॉर्मल पहनने से सूटिंग-शर्टिंग लेना, सीलाना बहुत ही कम हो गया है। लेडीज भी कामकाजी फैशन चलन के कारण सूट, लैगी, कुर्ती का चलन बढ़ गया है। अभी भी साउथ में साड़ी के चलन से नयी-नयी डिजाइंस पहनने का शौक फैशन एवं आर्थिक संपन्नता के कारण साड़ी ब्लाउज, पेटीकोट, अस्तर फॉल बिक रहे हैं। त्योहारों में लेन-देन ब्लाउज पीस पाली के बिंकते हैं बाकि, अब किराए की दुकान, कर्मचारियों का वेतन, खर्चों को देखते हुए होलसेल व्यापार मंदा है। रिटेल में ज्यादा दम नही है। रेडीमेड का जमाना है। नई पीढ़ी पढ़-लिखकर मेट्रों सीटी में जॉब करना चाहती है।

## ग्रीष्म ऋतु के वस्त्रों की पूछ-परख पर सिमटे बाजार

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर सहित समूचे पश्चिमी उत्तरप्रदेश में ग्रीष्मकालीन लग्न-सावा मुहूर्त अत्यन्त कम होने के कारण वैवाहिक बिक्री मंद है, छुटपुट मुस्लिम समाज में सावा अभी चल रहा है। ग्रीष्म ऋतु के लिए कॉटन वस्त्रों की पूछ-परख बनी हुई है, अन्यथा बाजार में मंदी का रूख दिखाई दे रहा है। लेडीज सूट्स, फैंसी ड्रेस, साड़ी, पैंट-शर्ट, कुर्ता पायजामा, रेडीमेड गारमेण्ट, हैंडलूम इत्यादि सेगमेंट में ग्राहकी कमजोर है। वहीं ऑनलाइन व्यापार, काउंटर सेल्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा करता नजर आ रहा है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों में सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग के अनुसार कामकाज अभी मध्यम है।









modella®
Since 1965
We Weave Warmth

FIND YOUR
SIGNATURE LOOK

FINEST TWEED FABRICS

FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modellaamritsar@gmail.com



www.sparshfab.com

पेश है 3X COOL™

Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC

एक ऐसी टेक्नोलॉजी जो रखे पहनने वालों को कम्फर्टेबल दिनभर और

आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।

एक ऐसा फैब्रिक जो सोखे पसीना 10 सेकण्ड्स में, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ

**डायनामिक ड्राइंग**
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त

**एंटी स्टेटिक**
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह

**सॉइल रिलीज़**
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान

स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचनबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान 33 अंश होता है ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एंड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते हैं, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है 3X COOL. यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है, इस कपड़े में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती है, वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है। स्पर्श का यह कपड़ा **चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है** विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे साथी व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।

नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो, नववर्ष की शुभकामनाएँ।

**चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक**

डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध



**आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्कः**
98202 07953/ 74200 24089

यह फीचर कैसे काम करता है
यह जानने के लिए स्कैन करें

# सुप्रीम कोर्ट पहुँचा एमएसएमई का 45 दिन का भुगतान नियम

## जल्दी ही लिस्टिंग की संभावना

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

सरकार द्वारा एमएसएमई यूनिटों को जल्दी व समय पर भुगतान के लिए बनाया गया नियम अब इस सेक्टर के व्यापारियों की परेशानी का कारण बन गया है और सरकार से राहत नहीं मिलने के कारण अब तीन व्यापारिक संगठनों ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल, फेडरेशन ऑफ मद्रास कॉ-फेडरेशन एंड मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन और कॉ-फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेंड एसोसिएशंस ने गत 27 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में एमएसएमई कानून के भुगतान नियम के खिलाफ एक याचिका दायर करके इससे अंतरिम राहत देने की गुहार लगाते हुए इसे समाप्त करने की मांग की है। जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट जल्द ही सुनवाई के लिए इसकी लिस्टिंग कर सकता है।

याचिकादाताओं ने अपनी याचिका में कहा है कि आयकर नियम में जोड़ा गया नया खंड उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने इस खंड को जोड़ा है जबकि उसके के पास इस प्रकार के कानून को बनाने का अधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया है कि आयकर अधिनियम की धारा 43 बी के पहले 7 खंड (ए से लेकर जी तक) सरकारी या औद्योगिक संस्थाओं के लिए है वहीं खंड एच प्राइवेट या निजी कारोबार के लिए है। याचिका में कहा गया है कि यह अनुच्छेद 19 (1) (जी) एमएसएमई के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। यह नियम एमएसएमई को अपने खरीददारों को 45 दिन से अधिक उधार देने से रोकता है। याचिकादाताओं के अनुसार केवल खरीद को ही खर्च नहीं कहा जा सकता है क्योंकि बिक्री और खरीद मिलकर ही कारोबार कहलाता है। लेकिन नए नियम में इसे गलती से व्यवसाय खर्च मान लिया है। यही नहीं नया नियम आरबीआई के 90 दिन का लेटर ऑफ क्रेडिट देने के मानदंडों की भी अनदेखी करता है।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई डी अधिनियम 2006 की धारा 15 एमएसएमई को लिखित समझौते के साथ 45 दिनों के अंदर और मौखिक समझौते के मामले में 15 दिनों के अंदर भुगतान की अनुमति देती है। अनेक बार ऐसा हुआ है कि भुगतान में देरी हुई है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एमएसएमई उद्योग को भुगतान समय पर कराने के लिए आयकर कानून में संशोधन किया था जिसके अंतर्गत एमएसएमई की यूनिटों को 45 दिन के भीतर भुगतान करना अनिवार्य कर दिया है तथा यदि कोई फर्म किसी एमएसएमई यूनिट को किसी वित्त वर्ष के बकाया का भुगतान नहीं करती है तो उस फर्म को आयकर नियम के तहत कटौती के लिए पूरे एक वर्ष तक इंतजार करना पड़ेगा। नया नियम इस वर्ष एक अप्रैल से आरंभ हुआ है।

व्यापारियों ने इस नियम की कठिनाइयों को देखते हुए इसका विरोध किया और आंदोलन करने के साथ ही सरकार को ज्ञापन देकर इसे कुछ समय के लिए स्थगित करने के लिए कहा, लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया। जानकारों का कहना है कि इस नियम में संशोधन संसद द्वारा विधेयक पास करके ही किया जा सकता है और सरकार के हाथ बंधे हुए हैं। बहरहाल, एमएसएमई को राहत के लिए बनाया गया कानून अब व्यापार उद्योग के लिए आफत बन गया है।

व्यापारियों का कहना है कि देश में भुगतान की प्रणाली चली आ रही है उस पर कोई भी परिवर्तन करना संभव नहीं है, क्योंकि सभी लगभग देरी से भुगतान लेने और देने के अभयस्त हो गए हैं। यूं तो भुगतान में देरी लगभग सभी सेक्टरों में होती है और 45 दिन में भुगतान के नियम का पालन करना एक कठिन कार्य है, लेकिन कपड़ा उद्योग व्यापार इस नए कानून से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि इस व्यापार में 45 दिन में भुगतान करना संभव नहीं है क्योंकि कपड़े की बिक्री में काफी समय लग जाता है। व्यापारियों का कहना है कि रेडीमेड गारमेंट उद्योग से भुगतान आने में 6-6 महीने का समय लग जाता है।

जानकारों का कहना है कि वास्तव में लगभग सभी सेक्टर और स्वयं एमएसएमई में पंजीकृत उद्यमी भी इस परेशानी में फस गए हैं। देश के लगभग सभी भागों में अब इस सेक्टर के उद्यमी अब पंजीकरण रद्द करा रहे हैं। वास्तव में सरकार का कहना है कि नया नियम एमएसएमई को समय पर भुगतान कराने के लिए और उन्हें सहायता करने के लिए बनाया गया है लेकिन व्यापारी इससे सहमत नहीं हैं।

# कॉटन यार्न की अभी मार्केट में अच्छी मांग

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

हाजिर बाजार में कॅाटन यार्न के भाव कुछ घटे हैं। अभी बाजार में यार्न की मांग बहुत अच्छी नहीं है। इसलिए मिलें रूई की खरीदी अपनी जरूरत के अनुसार कर रही है। मांग के आधार पर यार्न का उत्पादन और रूई की खरीदी करने पर जोर दे रही स्पिनिंग मिलें किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। हालांकि मौजूदा समय में रूई के भाव नीचे आ गए है और मिलों को यार्न का उत्पादन बढ़ाने का सुनहरा मौका है। तथापि स्पिनिंग मिलें स्थानीय मांग और निर्यात के बीच संतुलन बनाकर कॉटन यार्न का उत्पादन करना चाहती है। वैश्विक स्तर पर यार्न की मांग में बहुत अधिक सुधार की संभावना दिखाई नहीं दे रही है, छोटे स्तर पर निर्यात बढ़ सकता है, तो स्थानीय मांग भी कमजोर है। पिछले वर्ष के भारी उथल-पुथल के बाद चालू वित्त वर्ष में कॉटन यार्न स्पिनिंग उद्योग को कुछ राहत है। मांग में सुधार तथा कामकाज सुधरने से स्पिनिंग उद्योग की क्षमता इस वर्ष बढ़कर 80 से 85 प्रतिशत तक हो सकता है। देश में रूई के भाव सामान्य और इंटरनेशनल भाव की तुलना में कम रहने से कॉटन यार्न के भाव स्थिर रहने के साथ स्पिनरों की परिचालन मार्जिन इस वर्ष एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। बीते वर्ष में कॉटन यार्न के निर्यात में वृद्धि देखने को मिली थी, लेकिन चालू वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि धीमी पड़ने के कारण देश से यार्न का निर्यात तीन से चार प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। यार्न सस्ता होने पर भी नये निर्यात सौदों में उत्साह नहीं है।

रूई का भाव घटने के कारण 30 काउंट यार्न का भाव 70 रू. से घटकर प्रतिकिलो 50 रू. हो गया है। कॉटन यार्न के बढ़ते भाव पर रोक लग गया है। रूई के भाव घटने के बाद कॉटन यार्न के भाव घटे है। लेकिन जिस अनुपात से बीच की अवधि में कॉटन यार्न के भाव बढ़े थें, उस अनुपात में अभी भाव नहीं घटे हैं। यदि मांग जोरदार बढ़ती है, तो ही कॉटन यार्न टाइट हो सकता है अन्यथा कमजोर स्थानीय मांग के बल पर कॉटन यार्न के भाव में अधिक उछाल की संभावना कम है। क्रूड तेल में तेजी के आसार से पॉलिएस्टर यार्न के भाव निकट में बढ़ने का अनुमान है। अभी सिंथेटिक यार्न की मांग अधिक नहीं है। बाजार में सबसे अधिक मांग अभी कॉटन यार्न की ही है।







Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's SHOP across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# सम्पादकीय....

## अर्थव्यवस्था में तेजी के बावजूद बेरोजगारी अधिक

**भारतीय** अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसदी युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं।

दरअसल, पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत पर भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

## एक आदर्श नागरिक, समाज को बदलने की शक्ति रखता है



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

भारत की लोकशाही का सबसे बड़ा पर्व लोकसभा चुनाव निकट है और हमें देश के प्रति एक आदर्श नागरिक के रूप में अपना अधिकार और फर्ज निभाना है। देश के हित और कल्याण के लिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। आज इन्ही विषय पर आपसे कुछ बात करनी है। देश के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, हम सभी के पास कुछ अधिकार और स्वतंत्रताएँ हैं, जो कानून और संविधान द्वारा संरक्षित हैं। हालाँकि, इन अधिकारों के साथ महत्त्वपूर्ण कर्त्तव्य और जिम्मेदारियाँ भी आती हैं, जिन्हें हमें आदर्श नागरिक के रूप में बनाए रखना चाहिए। एक अच्छा नागरिक होने का मतलब सिर्फ एक स्वतंत्र समाज में रहने के फायदे का आनंद लेना नहीं है अपितु इसके लिए नागरिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेना, समाज और देश को बेहतर बनाने के लिए काम करना भी जरूरी है।

एक अच्छा नागरिक होने का मतलब है देश के कानून-कायदे का सम्मान करना और उनका पालन करना। इसका मतलब है अवैध गतिविधियों में शामिल न होना, अपने टेक्स का कर्तव्यपूर्वक भुगतान करना और आमतौर पर कानून का पालन करने वाले तोर-तरीके अपनाना। कानून का शासन किसी भी कार्यशील लोकतंत्र का आधार है और हम सभी का कर्तव्य है कि हम इसे बनाए रखें। किसी पश्चिम के लेखक ने कहा है कि 'हम जमीन के हुए उससे पहले जमीन हमारी थी।' हमारा दायित्व है कि हम अपने देश और उसके कानून के अच्छे संरक्षक बनें। एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक सक्रिय और जागरूक नागरिक की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है मतदान के लिए आगे आकर, देश के विकास के मुद्दों पर जानकारी रखते हुए और मत के रूप में अपनी आवाज बुलंद करके राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना। लोंग क्या करते है, सिस्टम और सरकार के लिए सिर्फ शिकायतें ही किया करते हैं लेकिन उनकी कमियों के बारे में सिर्फ शिकायत करना ही पर्याप्त नहीं है - हमें इसमें शामिल होने और उन्हें बेहतर बनाकर काम करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। हमें सिस्टम को साकार करना होगा, देश के बेहतर भविष्य के लिए, अपने बेहतर भविष्य के लिए।

एक अच्छा नागरिक होने का मतलब अपने समाज के हित मे योगदान देना और लोगों की सेवा में योगदान देना भी है। यह सेवा कई तरीके से हो सकती है, जैसे कि अपना समय और कौशल स्वेच्छा से देना, धर्मार्थ कार्यों के लिए वित्तीय दान करना या एक अच्छा व्यक्ति होना और अपने आस-पास के लोगों की देखभाल करना। प्रसिद्ध मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने स्पष्ट रूप से कहा, 'जीवन का सबसे बड़ा और जरूरी सवाल है, 'आप दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं?', "आदर्श नागरिक वह होता है जो हमेशा अपने आस-पास के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के तरीकों की तलाश में रहता है। खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका दूसरों की सेवा में खुद को खोना है। अपने मतभेदों के बजाय अपने मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करके, हम एक मजबूत, अधिक एकजुट समाज का निर्माण कर सकते हैं।

आदर्श नागरिक वह होता है जो लगातार आगे बढ़ने, सीखने और अपने क्षितिज का विस्तार करने का प्रयास करता रहता है। इसका मतलब है कि हमारे आस-पास की दुनिया के बारे में जानकारी रखना, नए विचारों और दृष्टिकोणों को अपनाना और अपने ज्ञान और कौशल को लगातार विकसित करना। आजीवन सीखने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करके, हम आधुनिक दुनिया की चुनौतियों और जटिलताओं से निपटने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। एक अच्छा नागरिक होना केवल एक स्वतंत्र समाज में रहने के लाभों का आनंद लेने की निष्क्रिय स्थिति नहीं है - यह एक सक्रिय और निरंतर जिम्मेदारी है। जीवन में जो मायने रखता है वह केवल यह तथ्य नहीं है कि हमने जीवन जिया है बल्कि, मायने यह रखता है कि हमने दूसरों के जीवन के लिए, समाज के लिए और देश के लिए क्या किया है? और जो हमारे जीवन के महत्व को निर्धारित करेगा।

आइए! हम सभी एक आदर्श नागरिक बनने का प्रयास करें और अपने आस-पास की दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाएं !

**साथी हाथ बढ़ाना,**
**एक अकेला थक जाएगा मिलकर बोझ उठाना....**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

## श्री दामोदर अग्रवाल का निजामाबाद में भव्य स्वागत






**निजामाबाद / जुगल किशोर झँवर**



राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री, मेवाड़ के मोदी, भीलवाड़ा लोकसभा चुनाव -2024 के प्रत्याक्षी एवं निजामाबाद (तेलंगाना) में लोकसभा चुनाव प्रभारी के नाते पहुँचने पर टेक्सटाइल वर्ल्ड के वरीष्ठ संवाददाता श्री जुगल किशोर झँवर एवं श्री आनंद झँवर (हनुमान टेक्सटाइल एजेंसी) ने शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं पुष्प देकर भव्य स्वागत किया।

इस संदर्भ में आपके निजामाबाद पधारने पर राजस्थानी समाज में हर्ष की लहर फेल गई और निजामाबाद स्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर भव्य स्वागत किया। श्री दामोदर अग्रवाल ने भी समाज के सभी संगठनों से अत्यंत ही स्नेहपूर्ण व्यवहार करने पर अपना कीमती समय देकर बातचीत की। आपके व्यवहार एवं अपनत्व से निजामाबाद का राजस्थानी समाज भाव विभोर है। आपकी भारी मतों से विजयी होने की कामना करते हुए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।





Wholesale cloth Merchant Association. Jawahar Road Nizamabad. Meeting with sri Damodarji Agarwal. Rajasthan State maha mantri. And Bhilwara BJP candidate 2024. Observer for Nizamabad. Mp. Constituency

## Yarn Rate+GST





**यार्न रेट्स** 5 मई, 2024

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 215 |
| 2/18 Dyed | 180 |
| 2/40 Dyed | 205 |
| 2/30 Frosted | 215 |
| 2/30 Dyed Slub | 215 |
| 2/30 School Dress Clourer | 215 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 150 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 160 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 156 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 168 |
| 1/15 Poly Black | 107 |
| 20 PV Black | 144 |
| 15 PV Black | 138 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN

**Mob: 9416031498**

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 116-152 |
| 150 Roto Black | 123-165 |
| 150 Roto Bright | 136-155 |
| 150/250 Grey | 128-170 |
| 150/250 Dyed | 142-192 |
| 150 Fdy | 140 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 123 |
| 2/40 POLY | 175 |
| 2/15 Poly Grey | 119 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 115 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 61-104 |
| 6 CONE | 90-152 |
| 10 CONE | 95-199 |
| 2/4 CONE | 92-155 |
| 2/6 CONE | 96-170 |
| 2/8 CONE | 95-180 |
| 2/10 CONE | 112-213 |
| 2/20 CONE | 228-285 |
| 2/30 CONE | 309-415 |
| 2/40 CONE | 289-383 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 188 |
| 15 CONE | 195 |
| 20 CONE | 202 |
| 2/15 CONE | 206 |
| 2/40 CONE | 258 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey | 162 |
| 2/24 Poly Grey | 168 |
| 2/30 Poly Gray | 175 |
| 2/40 Poly Grey | 200 |
| 2/60 Poly Gray | 260 |
| 2/76 Poly Gray | 320 |
| 2/30 PV Black | 220 |
| 2/40 PV Black | 265 |
| 2/30 PV HD Dyed | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 148 |
| 2/30 P/V | 176 |
| 1/30 P/V | 156 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 121 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 202 |
| 2/30 PV | --- |
| Mahabir | |
| 15 PV | --- |
| 20 PV | --- |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

**Fancy Yarn Per Kg**

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 215 |
| 2/60 PVT | 215 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/80 PC Combed | 320 |
| 2/76 Polyster | 375 |
| 2/60 P.V. | 265 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 195+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 184+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 183+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES 9414111656

| | |
|---|---|
| Triveni Spinning | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 146 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 180 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 214 |
| Vergine Quality | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 144 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey | |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 159 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 164 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 186 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 125 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 145 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 200 |
| 2/30 100% Viscose@ | 225 |
| 2/40 100% viscose@ | 255 |

**समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।**
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
GOVINDAM COMMERCIAL COMPLEX
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 164 |
| 1/14 OE | 174 |
| 1/16 OE | 178 |
| 1/20 OE | 202 |
| 30 KW | 255 |
| 30 CW | 270 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 135+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 130+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 125+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 225+GST |
| 2/18 P/V Black | 165+GST |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 170 |
| 7 OE | 172 |
| 10 OE | 175 |
| 10 Lycra | 250 |
| 10 Slub Lycra | 270 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| 2/60 pv | 260 |
| 2/40 pv | 185 |
| 2/30 pv | 165 |
| 2/24 pv | 160 |
| 2/20 pv | 156 |
| 2/18 pv | 160 |
| 2/15 pv | 155 |
| 20 pv. | 147 |
| 15 pv. | 142 |
| 10 pv. | 140 |
| 2/60 pv kk | 281 |
| 2/40 pv kk | 205 |
| **Nahar** | |
| 2/40 pv | 200 |
| 2/30 pv | 175 |
| 30 pv. | 158 |
| 2/30 pv 65/35. | 171 |
| Formosa,nahar | |
| **PV RECYCLED 70/30.** | |
| 2/30. | 154 |
| 15. | 131 |
| **100% POLY YARN** | |
| 2/40. | 175 |
| 2/30. | 148 |
| 2/24. | 138 |
| 2/20. | 138 |
| 2/15. | 132 |
| 20. | 127 |
| 15. | 122 |
| 10. | 119 |
| 8. | 119 |
| Less 1 rs cd | |
| **RECYCLED POLY** | |
| 2/40. | 148 |
| 2/30. | 128 |
| 2/15. | 111 |
| 15. | 106. NAHAR |
| 15. | 103 SUPER |
| **PVT YARN** | |
| 2/47 | Poly Magic |
| 2/45 | Poly Magic |
| 2/32 | Pvt ,Pt |
| 2/15 | Black & White Spun |
| 2/30 | Grindel Spun Black White |
| 2/30 | Grindel Slub |
| **BLACK YARN** | |
| 2/30 pv | 161 |
| 2/18 pv. | 141 |
| 2/15 pv | 136 |
| 15 pv. | 127 |
| 2/30 poly black | 138 |
| 15 POLY black. | 104 |

**Please contact us for any enquiry**
**Bhavit Jain : Mob. 99292-13144**

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )

**Bhavit Jain**
**+91 99289 13144**
**JNB YARN MUMBAI**

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 235 |
| 2/40 pv - | 180 |
| 2/30 pv - | 155 |
| 2/24 pv - | 149 |
| 2/20 pv - | 145 |
| 2/15 pv - | 135 |
| **100% poly** | |
| 2/76 - | 275 |
| 2/60 - | 230 |
| 2/40 - | 178 |
| 2/30 - | 156 |
| 2/24 - | 152 |
| 2/20 - | 147 |
| 2/15 - | 143 |
| **Recycled pv 70/30*** | |
| 2/30 pv - | 158 |
| **Recycled poly** | |
| 2/40 - | 159 |
| 2/30 - | 137 |
| 2/20 - | 131 |
| 2/15 - | 125 |
| **PC YARN 65:35** | |
| 2/40 COMBED - | 235 |
| 2/30 COMBED - | 195 |
| 2/30 CARDED - | 200 |
| 14 PC VIRGIN 65/35 | -141 |
| 14 PC OE 50/50 - | 134 |

### Jain Lalit Dhaliwal

(9364100686) | (9364471001)
URVASHI AGENCY

| | |
|---|---|
| Sulzer reyon 48" | |
| 40 pick @ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/25 |
| 52 pick@ | 26/00 |
| 56 pick@ | 27/25 |
| Airjet 48" | |
| 40pick@ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/50 |
| 52 pick @ | 26/25 |
| 56-58pic@ | 27/50 |
| 58 pick pakka@ | 27/75 |
| Slub48" | |
| @28/76 Sulzer bale or Roll | |
| Slub48"roll Airjet@ | 29/50 |
| 54" plain 68*58@ | 31/25, |
| 56 pick@ | 30/75 |
| 54" slub | |
| airjet@ | 33/00 |
| Reyon slub | |
| Slub 48"@ | 28/75 |
| Slub,airjet @ | 30/00 |
| 63"@38/00 sulzer | |
| Slub 63" | |
| 64 pick 63" airjet 39/50-* | |
| 71" Plain | |
| 68*58 @ | 43/00 |
| 71"HT | |
| 68*46(44) @38/25 normal | |
| Mill goods pakka 46 pick pakka | |
| @39/25 | |
| Cotton sattine 48" | |
| 6060/128*68@ | 38/00 |
| 6060/144*66@ | 39/50 |
| 6060/165*80@ | 49/50 |
| 40c*40lycra | |
| 46(44) pick airjet Roll@ 55/- | |
| Slub Lycra(Reyon) | |
| 66"@ | 48/00 |
| 72"@ | 53/00 |
| 78"@ | 57/00 |
| 88" RS@ | 62/00 |
| Slub Lycra | |
| Plain Lurex 48" 68*56@29/00 | |
| sulzer, | |
| airjet @30/00 | |
| 63" 68*58(56)silver 1cm Lurex | |
| Airjet@39/00 | |
| HT Lurex 68*44 2CM 71"@41/00 | |
| 46 pick @42/- | |
| 63" Plain Airjet | |
| 44 pick 63" @ | 30/75 |
| 46 pick 63" @ | 31/50 |
| 50 pick 63"@ | 32/75 airjet |
| 52 pick 63"@ | 33/50 |
| 56 pick 63"@ | 35/00 |
| 58 pick 63"@ | 35/75 |
| 3030/92*68 63" | |
| plain 205-210gm@ | 47/00 |
| Cotton Popline & cambrick | |
| 6060/92*88(86) 48"@ | 38/50 |
| 6060/92*88(86) 63"@/ | 49/00 |
| (86 pick) | |
| 6060/165*104 63" sattine@69/00 | |
| 6060/132*104 63"@ | 69/- |
| 6060/132*100 63"@ | 67/- |
| 4040/132*72 63"@ | 69/- |
| 4040/124*72 63"@ | 65/- |
| 4040/124*64 63"@ | 61/- |
| 4040/132*68 63"KK@ | 64/- |
| 4040/120*72 K*K 63@ | 59/50 |
| Cotton Flax 56*44(42) 63"@ | 74/- |
| Reyon Flax 56*44(42) 63"@ | 70/- |

## गमछा, पोपलीन की मार्केट में डिमाण्ड अच्छी

**सतना/ बलराम शुक्ला**

विगत एक सप्ताह कपड़ा व्यापारियों को बात करने की फुर्सत नहीं थी। कपड़ा ही नहीं लगभग सभी वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों का यही हाल था। भयंकर गर्मी से इस समय ज्यादा कुछ नहीं बिक रहा है। इरोड़ के गमछों की मांग अच्छी है। कॉटन गमछा बहुत महंगा है लेकिन पीसी गमछा सस्ता बैठ रहा है। यह लोगों के बजट में भी है इसलिए खूब बिक रहा है। इस समय साउथ की पोपलीन खूब बिक रही है। मोटा कपड़ा अच्छा बैठता है, अच्छी क्वालिटी का होने से डिमांड अच्छी है। उसमें भी तीन क्वालिटी का माल आ रहा है। फर्स्ट, सैकंड एवं थर्ड क्वालिटी का माल बिक रहा है। लम्प में माल आ रहा है। बड़े पन्ने का माल होने से सस्ता बैठ रहा है। हालांकि ज्यादा प्रॉफिट नहीं है लेकिन बिक रहा है। बालोतरा में इस समय नाइटी का माल खूब बन रहा है। आज की पोजीशन में गाउन का मार्केट जबलपुर है क्योंकि वर्तमान में जबलपुर मैनुफेक्चरिंग मंडी पूरा रेडीमेड बाजार है। बालोतरा की पक्के कलर की पोपलीन की आज भी खपत अच्छी है। 39 से 40 रू. का माल ही बिक रहा है लेकिन स्कूल यूनीफॉर्म की डिमाण्ड जारी है। सतना, कटनी मंडी में लोगों ने रेट लेना शुरू कर दिया है। चुनाव की वजह से अभी ग्राहकी सुस्त है आगे ग्राहकी अच्छी रहने का अनुमान है।

## एमएसएमई और चुनावी सीजन का कारोबार पर असर

**जयपुर / ओम जैन**

जयपुर कपड़ा बाजार में इस समय कारोबार मंद है। मई-जून में शादी- विवाह नहीं होने से ग्राहकी शून्य हो गई, जबकि फरवरी-मार्च में अच्छी ग्राहकी चल रही थी। अब व्यापारियों ने उम्मीद भी छोड़ दी है। अब बाजार कमजोर ही रहेगा इस कारण व्यापारी कोई भी खरीदी नहीं कर रहा है। चुनाव का भी फर्क पड़ रहा है। दिसावरों में चुनाव के कारण भी काफी असर नजर आ रहा है। दो माह गर्मी भी तेज रहने के आसार है। कुछ व्यापारी एमएसएमई के नियम लागू होने के कारण भी व्यापार प्रभावित हुआ है। कुर्ती व रेडीमेड में उधारी लंबी चलने के कारण इस सेक्टर में खरीदी कम कर रहे हैं। अनेक व्यापारी एमएसएमई में पंजीकरण भी रद्द करा रहे हैं। इस कानून से दिसावर के व्यापारियों को काफी फायदा हुआ है। पुरानी उधारी जो लंबे समय से बाकी थी वो समय पर आ गयी , कुछ समय बाजार में परेशानी व्यापारियों में हो सकती है। भविष्य में आगे अच्छा रहने वाला है। सूटिंग-शर्टिंग के होलसेल का व्यापार दिनों-दिन कमजोर होता जा रहा है। नये कोई भी व्यापारी आ नही रहें, सिर्फ पुराने व्यापारी ही काम कर रहे हैं। सूटिंग्स का व्यापार सिर्फ शादी-विवाह सीजन में ही चल सकता है। व्यापारी आगामी बुकिंग की तैयारी में लगे हुए हैं। भीलवाड़ा की सूटिंग की मांग जयपुर मण्डी में नही है। लिनन की मांग पहले से काफी कम है। तथा रेट ज्यादा होने से भी लिनन में काफी फर्क पड़ रहा है। जयपुर के व्यापारी जो अन्य मण्डी द स्पॉट द्वारा माल भेजते हैं। उनमें अन्य व्यापारियों के साथ में माल भेजते हैं। उसका बिल माल के साथ भेजने के कारण जीएसटी द्वारा द स्पॉट पर माल पकड़ने से जयपुर के 3-4 व्यापारियों को जीएसटी का लम्बा जुर्माना भरना पड़ा है। जबकि कपड़ा व्यापारी बिल से ही भेजते हैं, लेकिन अन्य व्यापारी माल के साथ बिल नही भेजने से जो व्यापारी माल के साथ में भेजा उसे जुर्माना भरना पड़ा। इस समय बाजार में ग्राहकी नही है। आगामी ग्राहकी अच्छी चलने की संभावना है।

### JAIN LALIT DHARIWAL (9364100686 | 9364471001) URVASHI AGENCY (ERODE)

| | |
|---|---|
| **Sulzer reyon 48"** | |
| 40 pick @ | 22/75 |
| 42 pick@ | 23/25 |
| 44 pick@ | 23/75 |
| 50 pick@ | 25/00 |
| 52 pick@ | 25/50 |
| 56 pick@ | 27/00 |
| **Airjet 48"** | |
| 40pick@ | 22/75 |
| 42 pick@ | 23/25 |
| 44 pick@ | 23/75 |
| 50 pick@ | 25/25 |
| 52 pick @ | 26/00 |
| 56-58pic@ | 27/25 |
| 58 pick pakka@ | 28/00 |
| mill goods@ | 28/50 |
| Slub48"@ | 29/00 |
| **Sulzer bale or Roll** | |
| Slub48"roll Airjet@ | 30/00 |
| 54" plain 68*58@ | 32/00, |
| 56 pick@ | 31/50 |
| 54" slub airjet@ | 34/50 |
| 58 pick, | 33/50 |
| 58 pick Sulzer Roll | |
| **Reyon slub** | |
| 63"@38/50-airjet 64 | |
| pick 63" airjet 40/50-* 71"HT | |
| 68*46(44) @40/00 Normal | |
| **Mill goods pakka 46** | |
| pick pakka @ | 41/00 |
| Cotton sattine 48" | |
| 6060/128*68@ | 41/00 |
| 6060/144*66 @ | 43/00 |
| 6060/165*80 @ | 52/50 |
| 40c*40lycra | |
| 44 pick airjet.Roll@ | 57/00 |
| 46 pick@ | 57/50 |
| **Slub Lycra(Reyon)** | |
| 66"@ | 48/00 |
| 72"@ | 54/00 |
| 78"@ | 58/50 |
| 88" RS@ | 63/00 |
| **Slub Lycra** | |
| Plain Lurex 48"68*56@ | 29/25 |
| sulzer 50 pick@ | 27/75 |
| Lurex 48"airjet @ | 29/50 |
| 63" 68*58(56)silver 1cm | |
| Lurex Sulzer @ | 38/00 |
| sulzer, | 38/50 |
| **airjet** | |
| HT Lurex 68*46 | |
| 2CM 71"@ | 43/00 |
| 63" Plain Airjet | |
| 44 pick 63" @ | 31/50 |
| 46 pick 63" @ | 32/50 |
| 50 pick 63"@ | 33/50 |
| **airjet** | |
| 52 pick 63"@ | 34/50 |
| 56 pick 63"@ | 35/75 |
| 58 pick 63"@ | 37/00 |
| 3030/92*64 pick 63"@ | 46/50 |
| 66 pick 63" | |
| plain205gm+@ | 47/50 |
| 68 pick@208gm@ | 48/50 |
| **Cotton Popline & cambrick** | |
| 6060/92*88(86) 48"@ | 39/50 |
| 6060/92*88(86) 63"@ | 51/50 |
| (86 pick) | |
| 6060/165*104 | (102) |
| 63" sattine@ | 72/00 |
| 6060/132*104 63"@ | 69/- |
| 6060/132*100 63"@ | 68/- |
| 4040/132*72 63"@ | 70 |
| 4040/124*72 63"@ | 67 |
| 4040/124*64 63"@ | 66 |
| 4040/132*68 63"KK@ | 64/- |
| 4040/120*72 | |
| K*K compact 63@ | 62/50 |
| Cotton Flax 56*44(42) 63"@68/- | |
| Reyon Flax 56*44(42) 63"@67/- | |

भूल ना जाना ०४५

RISHAB WORLD



# डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस

(१९१० - १९४२)

डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस का नाम **चीन** के वैश्विक 10 **सर्वश्रेष्ठ मित्रों** में और **चीन** के प्रत्येक बच्चे के पाठ्यक्रम में शामिल होना भारत के लिये गर्व का विषय है ।

सन् 1938 में **सिनो-जापान युद्ध** के दौरान चीनी सैनिकों के इलाज के लिए भेजे गए मेडिकल मिशन में **डॉक्टर कोटनिस** भी शामिल थे ।

जापानी टुकड़ी के खिलाफ सन् 1940 में लम्बे चले युद्ध में डॉक्टर कोटनिस ने बिना सोए **72 घण्टे** सेवाएं दी। उन्होंने युद्ध के दौरान **800 से अधिक सैनिकों** की चिकित्सा की।
जब मिशन के सभी डॉक्टर्स वापस भारत लौट गए, तब **डॉ. कोटनिस** चीन के लोगों की **चिकित्सकीय सहायता** हेतु वहीं रुक गए और **डॉ. बैथून हाइजिन** स्कूल जिंचाजी में **लेक्चरर कम डायरेक्टर** बन गए।

चीन में अल्प प्रवास के दौरान **डॉ. कोटनिस** ने चीनी भाषा लिखना व बोलना सीख लिया इस कारण **सुश्री ओ किंगलन** उनकी ओर आकर्षित हुई और दोनों **विवाह के बंधन** में बंध गए। उनके एक पुत्र **यिन्हुआ (चीनीनाम)** व **यिन (भारत के लिए)** व **हुआ (चीन के लिए)** उत्पन्न हुआ।

चिकित्सकों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित **डॉ. कोटनिस** की यिन हुआ के जन्म के तीन माह बाद 9 दिसम्बर 1942 को चीनी सैनिकों के उपचार के दौरान एपिलेप्सी के कारण शहीद हो गये ।

बाद के वर्षों में चीन की सरकार ने मार्टियर्स मेमोरियल पार्क (लीशी लिंजीयुआन) का शिजियाजुआंग हेबी प्रोविन्स में निर्माण कराया, उसमें दक्षिणी साइड में स्थित मेमोरियल **डॉ. कोटनिस** को समर्पित है, जहां उनके वास्तविक कद से बड़ी साइज की मूर्ति स्थापित है।

सन् 2014 में रिषब वर्ल्ड की टीम ने मर्मस्पर्शी **डॉक्टर कोटनिस** का यह **मेमोरियल** देखा।

**चीन ने 1982 व 1992** में तथा **भारत सरकार ने सन् 1993** में उनके सम्मान में डा टिकट जारी किया।



HI FABRIQUE INC.®

Corporate Office :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027
INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com

Mumbai Office :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5
Off Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com

www.hifabrique.com

Venerdi® ITALY




Available at all leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98

















## पाक ने कॉटन उत्पादन लक्ष्य 29 प्रतिशत बढ़ाया

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

पाकिस्तान ने विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले सेक्टर, टेक्सटाइल उद्योग को मजबूत करने के लिए 2024-25 के लिए कॉटन के उत्पादन का लक्ष्य 29 प्रतिशत बढ़ाकर 108 लाख गांठ (प्रतिगांठ 170 किलो) निर्धारित किया है। वहां का टेक्सटाइल उद्योग कॉटन की कमी से जूझ रहा है और इसके लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि गत दो वर्षों से वहां पर उत्पादन कम हो रहा है। गत वर्ष यानि 2023-24 में पाकिस्तान में कॉटन का उत्पादन 8 3.36 लाख गांठ हुआ था जो 2022-23 के उत्पादन की तुलना में लगभग 72 प्रतिशत अधिक था। ज्ञातव्य है कि 2022-23 में पाकिस्तान में आई अप्रत्याशित बाढ़ के कारण वहां पर कॉटन का उत्पादन बुरी तरह से घट गया था। क्योंकि बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार विगत दिनों फेडरल कमेटी ऑन एग्रीकल्चर की बैठक में वहां पर खरीफ फसलों की बुआई के बारे में विचार-विमर्श किया गया और देश में बीज तथा खाद की उपलब्धता का जायजा लिया गया। बैठक में कॉटन उत्पादन के लिए 108 लाख गांठ का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान का टेक्सटाइल उद्योग विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक प्रमुख संसाधन है लेकिन कुछ समय से अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। कॉटन उद्योग के महंगें आयात के अतिरिक्त  गैस के ऊंचे भाव की समस्या से भी परेशान है। जिससे टेक्सटाइल और गारमेंट की निमार्ण लागत अधिक बैठ रही है और विश्व बाजार में बांग्लादेश आदि के कम कीमत के उत्पादों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है। जानकारों का कहना है कि टेक्सटाइल की ऊंची लागत के कारण टेक्सटाइल उद्योग का मार्जिन कम होता जा रहा है।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**

# बीएसएल की आकर्षक एवं विस्तृत शर्टिंग रेंज लॉन्च

## यूनिफॉर्म एवं एथनिक वियर कैटलॉग को मिल रहा सुपर रिस्पॉन्स









भीलवाड़ा/ निजी उद्योग घरानों की अग्रणी टेक्सटाइल निर्माता कंपनी 'बीएसएल लि.' द्वारा आगामी सीजन एवं अपने सेल्स नेटवर्क की बढ़ती डिमाण्ड को देखते हुए शर्टिंग फैब्रिक की विस्तृत रेंज बाजार में उतारी है। **कंपनी के सेल्स एवं मार्केटिंग हेड श्री राकेश त्रिवेदी ने बताया कि** देशभर में हमारा सूटिंग फैब्रिक का सुदृढ़ नेटवर्क फैला हुआ है लेकिन सेल्स नेटवर्क द्वारा शर्टिंग की भी डिमाण्ड किए जाने के कारण 'बीएसएल' द्वारा यह प्लान किया गया जिससे कंपनी के कारोबार में भी 50 प्रतिशत इजाफा होने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि हम यूनिफॉर्म में स्कूल, कॉर्पोरेट एवं वर्क वियर हेतु शर्टिंग पेश कर रहे हैं वहीं फैंसी शर्टिंग में कॉटन, पीसी एवं पीवी शर्ट की भी विस्तृत रेंज बाजार में उतार रहे हैं। श्री त्रिवेदी ने बताया कि बाजार में ऑर्गेनाइज सेक्टर की यूनिफॉर्म की काफी मांग देखी गयी है, उसी को देखते हुए 'बीएसएल' द्वारा यूनिफॉर्म की विस्तृत रेंज बाजार में उतारी है, जिसको बहुत अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। इसके साथ ही कंपनी द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई एथनिक वियर फैब्रिक की विशाल रेंज को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### आगामी सीजन की तैयारियाँ जोरों पर

**श्री त्रिवेदी ने बताया कि कंपनी द्वारा यूनिफॉर्म शर्टिंग एवं एथनिक वियर फैब्रिक हेतु आकर्षक कैटलॉग भी बनाये गये हैं।** जिनको बाजार से सुपर रिस्पोंस मिल रहा है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि कंपनी द्वारा सूटिंग, शर्टिंग, यूनिफॉर्म हेतु अलग-अलग सेल्स नेटवर्क बनाया जा रहा है क्योंकि कंपनी का लक्ष्य टर्न ओवर में लगभग 50 प्रतिशत का इजाफा करना है। कंपनी द्वारा सभी नये प्रॉडक्ट साउथ के मार्केट में लॉन्च किये जा चुके हैं और अब नॉर्थ में सेल्स नेटवर्क बढ़ाना जारी है। श्री त्रिवेदी के अनुसार अब मार्केट में धीरे-धीरे सुधार होने लगा है एवं चुनाव परिणाम के बाद इसमें और भी अच्छे संकेत है जिसके बाद बाजार बहुत अच्छा चलेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए 'बीएसएल' द्वारा आगामी सीजन की तैयारियां की जा रही है।



# एक साल के ऊपर का पेमेंट ना देने पर व्यापारियों पर लगेगा प्रतिबंध

**सूरत**

आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत द्वारा 6 महीने के दौरान कपड़ा बाजार में काफी सुधार किए हैं। नए-नए कठोर फैसलों और बदलाव से कपड़ा बाजार में नई पहचान बना रहा है। कपड़ा बाजार में भुगतान की सबसे बड़ी समस्या है।

जिसको देखते हुए आढतिया कपड़ा एसोसिएशन सूरत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद कुमार अग्रवाल ने पूरे कपड़ा बाजार को अपने निर्णय से व्यापार में भुगतान समस्या में काफी सुधार किया है। विगत 6 महीनों में 8 करोड़ रुपए से अधिक सूरत कपड़ा बाजार की रिकवरी की है। आने वाले समय में 1 साल के ऊपर का जिन व्यापारियों का पेमेंट बाकी है उन पर अब सूरत व अन्य मंडियों से भी प्रतिबंध लगेगा। इसकी अपील सभी संगठनों से की है। इसके साथ ही अब नाम बदलकर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई होगी। एसोसिएशन ने पिछले सप्ताह कई व्यापारियों पर भुगतान न देने पर प्रतिबंध लगा दिया। इन सभी मामलों को संस्था की तरफ से एडवोकेट यूसुफ पठान और अन्य वक़ील देख रहे हैं। सूरत के सभी व्यापारियों ने श्री प्रहलाद अग्रवाल से आग्रह किया कि डिफाल्टर व्यापारी के सूरत से कपड़ा खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। व्यापारियों की इस पेशकश के बाद आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन सूरत सहित सभी व्यापारी संगठन लामबंद होकर ऐसे व्यापारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाकर उचित कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता जताई।




**आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन, सूरत सहित सभी व्यापारी एवं संगठन लामबंद, अब होगी कानूनी कार्रवाई**

# स्कूल यूनिफॉर्म को लेकर शिक्षामंत्री के बयान से यूनिफॉर्म व्यापारियों में रोष

**जयपुर**



राजस्थान के शिक्षा मंत्री द्वारा विगत दिनों मीडिया में राजस्थान के सभी प्राइवेट स्कूलों की एक ही यूनिफॉर्म करने के बयानों के बाद इस व्यवसाय से जुड़े लोगों में हडकंप मच गया। हजारों व्यापारीगण तथा सम्बन्धित लाखों मजदूरों पर रोजी-रोटी का संकट छा गया। UMSAR ने इसकी गंभीरता को देखकर तुरंत प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, नेतागण और इसकी जद में आने वालों से सम्पर्क स्थापित किया। व्यापार से जुड़ें सभी के साथ आज फोर्टी कार्यालय पर अर्जेंट मीटिंग आहूत कर विरोध प्रकट किया गया, साथ ही आगामी रणनीतिक निर्णय की रूपरेखा भी तैयार की गई। जिसकी अध्यक्षता UMSAR के अध्यक्ष श्री विमल सर्राफ श्यामजी सिंथेटिक्स द्वारा की गई। फोर्टी अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल ने फेडरेशन की ओर से सरकार से अनुरोध किया है कि इस समय तक यूनिफॉर्म व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारी अपनी तैयारी कर चुके हैं। ऐसे में नए बयान को लागू करना व्यापारियों के हित में नहीं, इससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान भुगतना पड़ सकता है, जिससे सरकार को रेवेन्यू लॉस होगा। इसलिए हमारा सरकार से अनुरोध है कि इस निर्णय को अगले वर्ष तक के लिए स्थगित किया जाए। UMSARअध्यक्ष श्री विमल सर्राफ ने बताया कि सरकार के बयान, 'प्राइवेट स्कूल में एक यूनिफॉर्म' इस व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों में रोष है, सभी व्यापारी सीजन आने से पहले ही स्टॉक तैयार करवा लेते हैं। रिटेलर या मैन्युफेक्चरर बड़ा पैसा लगाकर माल की खरीद फरोख्त कर लेते हैं, जिससे समय पर कोई परेशानी न हो। इस निर्देश से गोदाम में रखे तैयार यूनिफॉर्म्स को लेकर व्यापारी परेशान है, इससे व्यापारियों को बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान भुगतना पड़ सकता है। इसीलिए हमारी सरकार से मांग है कि इस निर्देश को अगले वर्ष के लिए स्थगित करें, जिससे सभी यूनिफॉर्म व्यापारियों को समय मिल जाएगा और अगले वर्ष वह निर्देश अनुसार काम कर पाएँगें। मीटिंग में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को भी ज्ञापन देने का प्रस्ताव है। एक तरह की यूनिफॉर्म होने से यह व्यवसाय दिल्ली, कोलकाता, इंदौर आदि बड़े सेंटर्स में शिफ्ट हो जाएगा, जिससे प्रदेश के लाखों व्यवसायी व मजदूर दूसरे किसी कार्य की दक्षता न होने से बेरोजगार हो जाएंगे। UMSAR सेक्रेटरी श्री इरशाद अली ने बताया कि इस बयान का धरातल पर आने की संभावनाएं वैसे तो कम है, क्योंकि अभिभावक व प्राइवेट स्कूल भी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। नियमानुसार तो सरकार पांच वर्षों में इस तरह के निर्देश दे सकती है, किंतु अभी गत चार वर्षो में सरकार दो बार यूनिफॉर्म चेंज करवा चुकी है। लगभग सभी जिलों में ज्ञापन देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चर्चा में फोर्टी सेक्रेटरी श्री मुकेश पारीक सहित अलवर, जोधपुर, नसीराबाद, अजमेर, सीकर, कोठपुतली, ब्यावर, नीम का थाना आदि जिलों से प्रतिनिधि मंडल के लोग शामिल हुए।

## टेक्सटाइल वर्ल्ड, सूरत ब्यूरो चीफ श्री प्रहलाद गर्ग ने निर्विरोध निर्वाचित सांसद श्री मुकेश दलाल का किया सम्मान



सूरत/ भाजपा के सूरत (गुजरात) से उम्मीदवार श्री मुकेश दलाल को कांग्रेस के उम्मीदवार के नामांकन खारिज होने और बाकी उम्मीदवारों के नाम वापस लेने पर निर्विरोध सांसद निर्वाचित किया गया। इस ऐतिहासिक विजय के लिए टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ प्रतिष्ठित कपड़ा संस्थान - महेन्द ट्रेडर्स, सूरत एवं इन्दौर के मालिक श्री प्रहलाद गर्ग ने श्री मुकेश दलाल के निवास पहुंचकर सांसद निर्वाचित होने पर बधाई दी और स्वागत भी किया।

## त्योहारी सीजन रहा ठंडा चुनावी असर भी दिखा

**कोयम्बटूर/ सुनील कोठारी**

मार्च के बाद अप्रैल में व्यापारियों की उम्मीद लगी हुई थी ,लेकिन अप्रैल भी बहुत ठंडा रहा। अभी तक मार्केट में स्कूल यूनिफॉर्म के ऑर्डर उम्मीद के अनुसार आए नहीं हैं। कारण चुनाव की वजह से इस बार स्कूल कुछ देरी से रिएक्ट करें, कुछ स्वस्थ्य का डर भी अभी तक व्यापारियों के दिमाग से निकला नहीं है। थोक और खुदरा व्यापार बिल्कुल अपने निचले स्तर पर रहा। रमजान और केरल के त्योहार भी कपड़ा व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं रहा। आगे सभी की उम्मीदें स्कूल यूनिफॉर्म पर टिकी हुई है जो की बाजार में मोटा-मोटी कुछ व्यापारियों के हाथ में है । भिवंडी, इचलकरंजी, भीलवाड़ा, सूरत मार्केट में कपड़े की रेट देखते हुए ऐसा लग रहा है कि यह देशव्यापी मंदी है, जो कि चुनावों के परिणाम आने तक कुछ खास सुधार नहीं होना है। बची-कुची कसर अत्यधिक पड़ रही गर्मी से मार्केट में 11.00 से 4:00 बजे तक सन्नाटा पसरा हुआ रहता है।

## न्यूयॉर्क कॉटन 18 माह की तलहटी में : अप्रैल में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** अमेरिका में बुआई के अच्छे समाचारों और मजबूत डॉलर के कारण अप्रैल के दौरान न्यूयॉर्क कॉटन वायदा में गिरावट रही तथा जानकारों का कहना है कि डेढ़ वर्ष में पहली बार किसी माह में इतनी भारी गिरावट आई है। इसके साथ ही भाव भी 18 माह की तलहटी में पहुंच गए। जानकारों के अनुसार मई में भी कॉटन के भाव में गिरावट का दौर बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि अप्रैल के दौरान न्यूयॉर्क कॉटन मई वायदा 14.7 प्रतिशत गिरकर 77.92 सेंट रह गया। जुलाई वायदा भी इतनी ही गिरावट के बाद 78.43 सेंट रह गया। बहरहाल, दिसम्बर वायदा में तुलनात्मक गिरावट कम रही और 3.9 प्रतिशत गिर 75.57 सेंट रहा। जानकारों का कहना है कि जहां एक ओर अमेरिका में कॉटन की बुआई के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है और बुआई गत वर्ष से आगे चल रही है वहीं दूसरी ओर मांग कमजोर बनी हुई है। आर्थिक मंदी के भय से कॉटन की मांग कमजोर रहने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारों का कहना है कि डॉलर में मजबूती के कारण भी कॉटन की मांग पर असर पड़ रहा है। ऊँचे डॉलर के कारण आयातकों को अमेरिका से कॉटन का आयात महंगा पड़ रहा है और वे दूसरे देशों का रूख कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार कच्चे तेल के भाव में आई गिरावट के कारण भी कॉटन के भाव में नरमी आई है क्योंकि इससे पॉलिएस्टर यार्न, कॉटन यार्न के भाव की तुलना में सस्ता हो जाएगा। जानकारों का कहना है कि हाल ही में ब्राजील कॉटन के प्रमुख उत्पादक के रूप में उभरा है और अमेरिका को निर्यात में कड़ी टक्क र दे रहा है। आस्ट्रेलिया में भी उत्पादन की स्थिति बेहतर है और वहां से भी निर्यात बढ़ने की संभावना है।

### घरेलू बाजार भी नरम

व्यापारियों का कहना है कि न्यूयार्क में कॉटन के भाव कम होने के साथ ही भारतीय बाजारों में भी कॉटन मंद बना हुआ है। हालांकि इस सीजन में देश से कॉटन का भारी निर्यात हो चुका है लेकिन उत्पादन में सुधार के कारण भाव में नरमी है। कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानि सीसीआई बाजार में नीलामी के माध्यम से लगातार कॉटन बेच रही है। बाजार में कमजोर मांग को देखते हुए गुरुवार को सीसीआई ने नीलामी में कॉटन के रिजर्व भाव में 1,000 रुपए प्रति खंडी (प्रति खंडी 356 किलो) की कमी की। गुरुवार को सीसीआई ने 11,752 गांठ कॉटन बेची। इस सीजन में अब तक सीसीआई 6.05 लाख गांठ कॉटन बेच चुकी है। दो मई को उसके पास कुल 26.79 लाख गांठ कॉटन का स्टॉक था। एक अक्टूबर 2023 से आरंभ हुए कॉटन सीजन में सीसीआई ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी पर 32.84 लाख गांठ कॉटन की खरीदी की थी।




CADINI
ITALY
THE POWER OF PRESENCE
SCAN THE QR CODE
TO VIEW THE VIDEO
www.cadini.com
Available at all leading retail outlets across the country. For trade/ corporate enquiries, contact: 022-68330500.


100 % Giza Cotton Luxury Shirting
LINEA LUSSO
ITALY
By
TESSITURA
MONTI
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.
Mills:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in
Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in
Tessitura Monti India Pvt.Ltd.
BORN IN ITALY 1911
BCI
Auth. Distributors : Maharashtra, Gujarat, West Bengal & Uttar Pradesh - M/s Tushar Textiles , Mumbai
Karnataka, AP & Telangana - M/s Padam Fabrics , Bengaluru
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bengaluru
AP & Telangana - M/s Payal Saree Centre, Hyderabad
Tamil Nadu - M/s Sri Prem Syndicate, Chennai
Rajasthan & Haryana - M/s Vinayak Trading Co , Jaipur
Delhi NCR & Punjab - M/s SKSN Fabrics, Delhi
Bihar - M/s RC Fabtex , Patna
For Distributorship Enquiry in West Bengal, Jharkhand, UP, MP & CG : +91 97028 39191

# स्कूल यूनिफॉर्म और गर्मी के सूती कपड़ों में सुगबुगाहट


## कपड़ों में कारोबार सभी सेंटरों में होता जा रहा है कम

**मुंबई / रमाशंकर पाण्डेय...** गर्मी सीजन कारण बाजार में ग्राहकी हल्की है। स्थानीय और निर्यात मांग के अभाव में बाजार में बिकवाली का माहौल है। देसावरों के व्यापारियों का बाजार में आकर कपड़ों का सौदा करने के बदले ऑनलाइन सौदों पर अधिक जोर दिया जा रहा है। प्रचंड गर्मी के कारण एक तो कपड़ों की डिमांड कम है, दूसरा जो कुछ नई खरीदी की जा रही है, उसमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग हो रहा है। मई और जून माह में शादियों के मुहूर्त नहीं होने से फैंसी कपड़ों में कारोबार मंद होने से व्यापारियों की कपड़ों की मांग सीमित वैरायटी में है। लेकिन स्कूल यूनिफॉर्म और गर्मी की सीजन के लिए कॉटन पतले कपडों में सुगबुगाहट बढ़ी है। देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के कारण अभी आचार संहिता लागू है। यह चुनाव 4 जून तक होने है। अतः इस दौरान नकदी का हेरफेर रूक गया है। चुनाव होने के बाद 10 जून के आसपास मुंबई में बारिश की सीजन शुरू हो जाती है। देखा जाए तो बिक्री की सीजन में ही कपड़ा बाजार में सुस्ती है। कपड़ों में कारोबार की ऐसी डावांडोल स्थिति पिछले डेढ़ - दो महीने से जारी है। एक समय लग रहा था कि कपड़ों में कारोबार कोरोना से पूर्व वाली स्थिति में बहुत जल्द पहुंच जाएगा, लेकिन किसी न किसी कारण से कपड़ों में कारोबार कम होता जा रहा और अब प्रचण्ड गर्मी और चुनाव के चलते बाजारों में ग्राहकी का सन्नाटा पसरा है। जबकि यार्न की विविधता और कपड़ों के उत्पादन में आधुनिक लूमों का उपयोग बढ़ने से कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो गई है। देश में विविध किस्म के फैंसी वैरायटी के कपड़ों की उपलब्धता लगातार बढ़ रही है। इतना ही नहीं प्रोसेसिंग एवं डाईंग यूनिटों में सुविधाएं अच्छी हो गई है फिर भी कपड़ों की लागत पर नियंत्रण की उदासीनता और कुशल श्रमिकों का अभाव सर्वाधिक रोजगार सृजन वाले इस सेक्टर के लिए बाधा है। निर्यात में ढ़ीलापन और स्थानीय ग्राहकी की कमजोरी से उद्योग को नुकसान हो रहा है। बांग्लादेश और चीन में बल्क उत्पादन की सुविधाएं तथा सस्ती मजदूरी होने से यहां के कपड़ा व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ है। कपड़ा उद्योग से जुड़े व्यापारियों के एक वर्ग का कहना है कि कपड़ों में निरंतर अन्वेषण करने पर जोर और बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखकर उत्पादन करने वाला उद्यमी ही मौजूदा प्रतिस्पर्धी दौर में इस सेक्टर में अपने पैर जमा सकता है। अब कपड़ा उद्योग में वैसी चमक नहीं है, जैसे पहले हुआ करती थी। पहले मिलों का दौर था अत्यधिक कारोबार मिल कपड़ों में होता था, लेकिन मिलों के बंद होने और पावरलूम इकाइयों के फलने-फूलने और मुनाफे के चलते विदेशों से सस्ते में आयात किए जाते कपड़ों के कारण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है और कपड़ा कारोबार लगभग सभी सेंटरों में लगातार कम होता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर घट रही घटनाओं का भी असर कपड़ों के कारोबार पर पड़ रहा है। दो वर्ष से अधिक समय हो गया और रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध चल ही रहा है। इसका उचित समाधान नहीं होने से वैश्विक स्तर पर बुरा असर हो रहा है और इसके बुरे प्रभाव से कोई देश अछूता नहीं है। अब इजराइल और ईरान के बीच तनाव अलग से बढ़ने लगा है। लाल समुद्री मार्ग से शिप कार्गो का हेरफेर कठिन हो गया है। जो माल जा रहा है, उसका रास्ता बदल जाने से वह देरी से अपने गंतव्य पर पहुंच रहा है। एक तो समय अधिक और शिप का किराया बढ़ जाने के कारण देश में टेक्सटाइल और अपेरल के ऑर्डर कम होने शुरू हो गए है। यूरोप का अर्थतंत्र मंदा होने से निर्यात मांग कम है। भारत से टेक्सटाइल का निर्यात लगातार दूसरे वर्ष घटा है। माना जा रहा है कि मौजूदा दौर में उद्योग में कुशल श्रम को आकर्षित करने तथा बनाए रखने में सबसे बड़ी बाधा है, ऐसे श्रमिकों का वेतन, पावरलूम इकाइयों में श्रमिकों की समस्या बहुत जटिल है। पावरलूम इकाइयों में मजदूरी की दरों में भिन्नता के साथ गर्मी की छुट्टी और लोकसभा चुनाव के कारण पिछले एक पखवाड़े में लाखों प्रवासी मजदूर अपने गांव चले गए हैं। यहीं कारण है कि भिवंडी में कपड़ों का उत्पादन सबसे नीचले स्तर पर है फिर भी मांग के अभाव में उठाव अच्छा नहीं होने से सूती ग्रे कपड़ों का भाव स्थिर है। रूई और कॉटन यार्न दोनों नरम और स्थिर रूख की ओर बढ़े हैं, फिर भी ग्रे कपड़ों में सरगर्मी नहीं है। पावरलूम इकाइयों में उत्पादन तो घट ही रहा है, इसके साथ-साथ ग्रे कपड़ों में उठाव अच्छा नहीं है। इस कारण ग्रे सूती कपड़ों के भाव स्थिर हो गए है। स्कूल यूनिफॉर्म की सीजन है, फिर भी स्कूल कपड़ों में ग्राहकी ठंडी है। स्कूल यूनिफॉर्म में संगठित क्षेत्र की इकाइयों के साथ गैर- संगठित क्षेत्र की यूनिटें सक्रिय है। इसमें संगठित क्षेत्र की मिलों में कारोबार अधिक होता है। वैसे तो इस क्षेत्र में कई मिलें है लेकिन कुछ सीमित कामकाज करती है, तो स्कूल यूनिफॉर्म के बदले कॉर्पोरेट और हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र पर ध्यान देती है।

## देश से रूई का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना होने की संभावना

# कपास की आवक घटी और रूई के भाव में स्थिरता

**मुंबई/** रूई का स्थानीय बाजार स्थिर है, लेकिन कपास की आवक कम होने पर भी भाव घटे है। भाव कम होने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीसीआई के पास भरपूर माल जा रहा था। सीसीआई तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने तेजी एवं मंदी का लाभ उठाने के लिए रूई की खरीदी की थी। अनुमान है कि 58 से 59 हजार रू. की रेंज में यह खरीदी की गई थी और बिक्री भाव 59 से 60 हजार की रेंज में था। हाजिर बाजार में रूई का भाव 57700 से 58100 रू. के बीच चल रहा है। मई के पहले सप्ताह में कपास की आवक पिछले वर्ष की सीजन की तुलना में कम है, तो भाव भी घटे है। रूई का भाव पिछले सीजन में 61600 से 61900 रू. था, जो घटकर अब 58000 रू. तक हो गया है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 की सीजन के पहले छह माह में अर्थात् मार्च 2024 तक रूई के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। अक्टूबर से मार्च तक 18 लाख गांठ रूई का निर्यात किया गया है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ था। वर्ष 2022-23 की सीजन में कुल 15.59 लाख गांठ का निर्यात किया गया था। तो दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि अप्रैल अंत तक भारत से रूई का निर्यात 23 से 24 लाख गांठ के बीच रहा है। सीजन के अंत तक निर्यात आंकडा 27 लाख गांठ तक पहुंचने की संभावना है। ऐसा होता है तो मौजूदा सीजन में देश से रूई का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना होगा। बाजार सूत्रों का कहना है कि अक्टूबर-मार्च के दौरान भारतीय रूई का भाव प्रतिस्पर्धात्मक रहा है। इस कारण निर्यात को प्रोत्साहन मिला और निर्यात बढ़ा है। वैश्विक बाजार में रूई के भाव अब घट रहे हैं। इससे भारतीय रूई के भाव की स्पर्धा भी घटी है। अन्य देशों के अलावा बांग्लादेश और वियतनाम में भारत की रूई की मांग अधिक रही है। वैश्विक स्तर पर रूई के प्रतिस्पर्धी भाव होने तथा जल्दी माल की डिलिवरी मिलने के कारण बांग्लादेश के ग्राहक भारत से रूई खरीदना पसंद करते हैं लेकिन वहीं चीन को निर्यात बहुत कम है। इधर 10 से 15 दिनों से निर्यात सौदे नहीं होने की जानकारी मिल रही है, इसका एक कारण यह है कि हाल ही वैश्विक बाजार बहुत अस्थिर हो गया है। हाजिर बाजार में रूई में नरम रूख सहित बाजार में कपास की दैनिक आवक दिनों-दिन कम होती जा रही है। यद्यपि रूई का भाव घटना रूक गया है और इसमें थोड़ी स्थिरता आ गई है। इसी को देखते हुए जीनर्स कम भाव पर रूई की बिक्री नहीं कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बाजार में रूई की आवक कम होने का अनुमान है, जबकि मांग लगभग एक लाख गांठ की है। इसलिए रूई का भाव मौजूदा स्तर से और कम होने की संभावना नहीं लग रही है। हाजिर बाजार में रूई के भाव आगामी दिनों में स्थिर एवं मजबूत रहने की संभावना अधिक है। रूई के भाव में तीव्र गिरावट और वृद्धि का कोई ठोस कारण नहीं होने से उल्टे लंबी अवधि में रूई में मजबूती की धारणा है।




BELIEVE.
ACHIEVE.
SUCCEED.

SHIRTING
Y/D CHECKS • PRINT • PLAIN • DOBBY • CORDUROY • DENIM
LINEN • MILL MADE FABRICS

SUITING
PLAIN COTTON FABRIC • DOBBY • BRUSHED FABRIC • CORDUROY
PRINTED FABRICS • MILL MADE FABRICS

LADIES MATERIAL
RAYON • MUSLIN SILK • MODAL CHANDERI • 100% COTTON
COTTON FLEX (LINEN) • COTTON SATIN • RAYON LYCRA

SHĀSWAT®
TEXTILES PVT LTD
WWW.SHASWATTEXTILES.COM
181, New Cloth Market, Opp. Raipur Gate, Ahmedabad, Gujarat- 38002
T : +91 79 2216 3640 / 41 • +91 79 6632 3640

## हाई क्वालिटी कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक निर्माता

# श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि.


श्री सोनू टेकवानी

**अहमदाबाद/** 100% कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कंपनी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि. विगत 2 दशक से अपेरल उद्योग जगत में क्वालिटी फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है। युवा डायरेक्टर श्री सोनू टेकवानी के नेतृत्व में यह कंपनी मेंस फैशन के लिए बॉटम वियर का कपड़ा बना रही है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी क्वालिटी में निरंतरता के साथ आकर्षक डिजाइनिंग के जरिए भारतीय फैशन बाजार में क्रिएटिव सोच के साथ प्रगतिशील है। श्री टेकवानी के मधुर व्यवहार एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व की बदौलत कंपनी लगातार टेक्सटाइल एवं अपेरल क्षेत्र के लिए नित नए डवलपमेंट्स करते हुए बुलंदियों को छूने के हौंसले के साथ आगे बढ़ रही है। मेन्स बॉटम वियर के लिए परफेक्ट चॉइस बन चुकी श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि. क्वालिटी कमिटमेंट के साथ प्रतिस्पर्धी दरों में फैब्रिक्स सप्लाई के लिए संगठित क्षेत्र की भांति कार्यरत है। कंपनी ने अपने अमूल्य बायर्स के लिए नये दौर की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी को अपनाते हुए प्रॉडक्ट की सेल एवं डिस्प्ले के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया हुआ है, जिसके माध्यम से गारमेण्टर्स अपनी जरूरत के हिसाब से फैब्रिक सलेक्शन एवं खरीदी कर सकता है।

### प्रीमियम फैब्रिक रेंज

श्री महादेव टेक्स फैब प्रा.लि. द्वारा मेंस बॉटम वियर के लिए उत्कृष्ट क्वालिटीयुक्त सूटिंग फैब्रिक्स बड़े पैमाने पर उत्पादित किया जा रहा है। 100% कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग फैब्रिक्स में कंपनी वाइडेस्ट रेंज मेंटेन करती है। रिएक्टिव डाइंग एवं सल्फर डाइंग वैरायटीज में कंपनी प्रिंट्स, डोबीज एवं प्लेन कलर्स में सैकड़ों कलर्स एवं डिजाइंस का उत्पादन कर रही है। क्वालिटी कमिटमेंट के लिए कंपनी कपड़ा उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर हाई स्टैंडर्ड को फॉलो करती है। विश्वस्तरीय प्रीमियम फैब्रिक उत्पादन के लिए कंपनी उच्चतम क्वालिटी का यार्न एवं ग्रे कपड़ा सलेक्ट करती है, वहीं कपड़े की वर्ल्ड क्लास फिनिश के लिए बेहतरीन प्रोसेस हाउस का चयन करती है। यही नहीं, क्वालिटी पेरोमीटर पर खरा उतरने के लिए कंपनी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करती है।


### भरपूर स्टॉक एवं फास्ट सर्विस

कंपनी का देशभर में व्यापक सेल्स नेटवर्क स्थापित है। यह सभी गारमेंट उत्पादक मंडियों में एक ही पॉलिसी से काम करती है। अपने अमूल्य बायर्स को फास्ट सर्विस प्रदान करने के लिए कंपनी ने अपना सॉफ्टवेयर बना रखा है, जिसके माध्यम से व्यापारियों को कंपनी के प्रॉडक्ट एवं न्यू डवलपमेंट से प्रतिदिन अपडेट किया जाता है। इसके अलावा कंपनी समस्त फैब्रिक रेंज में भरपूर स्टॉक भी मेंटेन करती है, जिससे बायर्स को उनका पसंदीदा फैब्रिक्स समय पर डिस्पेच किया जा सकता है।




### फैशन स्टूडियो

श्री महादेव टेक्सफेब प्रा. लि. ने न्यू क्लॉथ मार्केट में मेन्स फैशन स्टूडियो बनाया हुआ है। जिसमें लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्डस के अनुरूप तैयार बॉटम वियर्स एवं फैब्रिक्स का आकर्षक डिस्प्ले किया गया है। स्टूडियो में मेन्स अपेरल्स के अलग-अलग डिजाइंस का खूबसूरत डिस्प्ले हर किसी को आकर्षित करता है।



### पॉपुलर अपेरल ब्राण्ड्स को फैब्रिक्स आपूर्ति में अग्रणी

मेन्स फैशन के लिए समर्पित श्री महादेव टेक्स फैब प्रा. लि. लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप फैब्रिक उत्पादन के जरिए देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की कसौटी पर खरी उतरी है। बड़े मेन्स फैशन ब्राण्ड्स की बेस्ट क्वालिटीयुक्त फैब्रिक सप्लाई के लिए प्रतिबद्ध यह कंपनी कैजुअल एवं फॉर्मल बॉटम वियर के लिए सर्वाधिक रेंज प्रोवाइडर मानी जाती है। न्यू वैरायटी डवलपमेंट एवं इनोवेशन के लिए कंपनी की फैशन डिजाइनर्स एवं प्रॉडक्शन टीम संगठित भाव से काम करती है, वहीं ऑर्डर के अनुसार इच्छित कलर्स एवं डिजाइन्स में फैब्रिक डवलप करने में कंपनी हर वक्त तैयार रहती है।


### फैबेक्सा एग्जीबिशन की जबरदस्त तैयारी

कंपनी आगामी सीजंस की तैयारी में जुट चूकी है। वहीं फैबेक्सा एग्जीबिशन के लिए भी जमकर नये डवलपमेंट्स किये हैं। श्री टेकवानी के अनुसार मेन्स बॉटम वियर के लिए कंपनी ने AW-24 एवं SS-25 कलेक्शन तैयार किए हैं। इन कलेक्शंस में कंपनी कॉटन, कॉटन लाइक्रा, लिनन, कॉटन ब्लेंडेड फैब्रिक्स में नये आकर्षक डिजाइंस तैयार की, जिनकी लॉन्चिंग फैबेक्सा एग्जीबिशन के 9वें संस्करण में किया जाएगा।

## फैशन की दुनिया में लोकप्रिय कंपनी

# शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि.

### रेडीमेड गारमेण्ट सेक्टर में प्रीमियम फैब्रिक सप्लाई के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर


श्री राजेंद्र कुमार शाह


श्री अमीष शाह


श्री अबधीश शाह

**अहमदाबाद/** रेडीमेड अपेरल्स के लिए सुपीरियर क्वालिटी फैब्रिक्स निर्माण में सिद्धहस्त कंपनी शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि. फैशन की दुनिया में स्थापित नाम है, जो देश के टॉप अपेरल ब्राण्ड्स की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। फैब्रिक उत्पादन में उत्कृष्टता एवं नवीनता का अनुसरण करने वाली कंपनी है। शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. ने 1962 में शुरू हुई एक व्यावसायिक यात्रा से भारत में कपड़ों के सबसे प्रतिष्ठित निर्माता के रूप में उभरने के लिए अपनी विरासत को निरन्तर आगे बढ़ाया। कंपनी के फाउंडर एवं चेयरमैन श्री राजेंद्रकुमार शाह ने अपनी पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ते हुए कपड़ा उत्पादन में नवीनतम टेक्नोलॉजी का समावेश कर उत्कृष्ट क्वालिटी के लिए निरंतर नवाचार करते हुए कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा फैब्रिक उत्पादक के रूप में पहचान दिलाई। फैशनेबल एवं स्टाइलिश फैब्रिक्स उत्पादन में निपुण इस कंपनी के डायरेक्टर एवं श्री शाह के सुपुत्र श्री अमीष शाह एवं श्री अबधीश शाह (बंटी भाई) ने निरन्तर शोध से हाई क्वालिटी फैब्रिक्स उत्पादन करते हुए अपनी व्यावसायिक कुशलता एवं बुद्धिमता से 'शास्वत' ब्राण्ड को देश की अपेरल इंडस्ट्री का चहेता बना दिया।

फैशन एवं क्वालिटी के अद्भुत संयोजन का प्रतीक शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा. लि. इस समय अंतरराष्ट्रीय फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग-शर्टिंग एवं लेडीज ड्रेस मटीरियल का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रही है।

**कंपनी के कामकाज में शाह परिवार में तीसरी पीढ़ी के युवा धृति शाह, नृप शाह, रिया दलाल एवं आदिल दलाल भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।**



**प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक्स-** कम्पनी शुरुआती दौर से ही मेन्स फैशन के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड सूटिंग में विश्वस्तरीय ट्राउजर फैब्रिक्स का वृहद स्तर पर उत्पादन कर रही है। श्री अमीष शाह ने चर्चा के दौरान बताया कि कंपनी अपेरल सेक्टर को प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक्स सप्लाई के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। कंपनी 100 प्रतिशत कॉटन एवं लाइक्रा सूटिंग फैब्रिक्स, निटेड, फॉर वे लाइक्रा, मोडाल, टेंसिल, बायो स्ट्रेच फैब्रिक्स में प्लेन, डोबीज, प्रिन्ट, स्ट्रक्चर आदि में सैकड़ों डिजाइन्स का उत्पादन कर रही है। सूटिंग फैब्रिक्स मिल स्टेण्डर्ड का होने तथा क्वालिटी एवं गुणवत्ता मापदंडों पर खरी इस कंपनी का अपेरल सेक्टर में खासा प्रभाव है।

FABEXA AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION 9
must visit us at...
Stall No. 07

### बेजोड़ ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध

कंपनी मेन्स एवं वूमेंस अपेरल क्षेत्र के टॉप ब्राण्ड्स को कपड़े की आपूर्ति में अग्रणी पायदान पर है। देश की सभी गारमेंट उत्पादक मंडियों में कंपनी का बड़ा ग्राहक नेटवर्क है, जो सालों से सहर्ष 'शास्वत' ब्राण्ड के फैब्रिक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। बेजोड़ ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध यह कंपनी क्वालिटी प्रॉडक्ट के साथ अपने बायर्स को डोर टू डोर सेवाएं दे रही है।

### कुर्तीज एवं लेडीज ड्रेस मटीरियल

फैशन एवं स्टाइल का प्रतीक बन चुकी यह कम्पनी लेडीज फैशन के लिए भी नित नए डवलपमेंट कर रही है। लेडीज फैशन फैब्रिक्स में कंपनी रेयॉन, मुस्लिन सिल्क, मोडाल चंदेरी, 100 प्रतिशत कॉटन, लिनन, कॉटन साटिन, रेयॉन लाइक्रा आदि वैरायटीज में सैकड़ों डिजाइन्स में भरपूर रेंज बना रही है।

### आकर्षक शर्टिंग फैब्रिक्स

रेडीमेड गारमेंट सेक्टर के लिए कंपनी आकर्षक शर्टिंग फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज का उत्पादन कर रही है। श्री अबधीश शाह के अनुसार शर्टिंग में यार्न डाइड चैक्स, प्रिंट, प्लेन, डोबीज, लाइक्रा, डेनिम, लिनन, मिल मेड फैब्रिक्स आदि क्वालिटीज का भरपूर उत्पादन कर रही है। प्लेन रेंज में कंपनी काफी उम्दा कलर्स बना रही है, वहीं चैक्स एवं डोबी डिजाइन्स में कंपनी का विशाल कलेक्शन अपेरल सेक्टर में काफी पॉपुलर है।

### फैबेक्सा में नई रेंज की लॉन्चिंग

शास्वत टेक्सटाइल्स प्रा.लि. ने फैबेक्सा के सभी एग्जीबिशंस में सहर्ष भाग लिया है। इस बार भी कंपनी एक बड़े प्रतिभागी के रूप में फैबेक्सा के 9th एडिशन में उत्साह से भाग ले रही है। श्री अमीष शाह ने बताया कि मेन्स, वूमेन्स, किड्स सभी के लिए कंपनी ने आगामी सीजन्स के मद्देनजर नई एवं ट्रेण्डी फैब्रिक रेंज बाजारी में उतारी है। इस बार सैकड़ों क्वालिटीज में हजारों डिजाइंस के विशाल कलेक्शन के साथ कंपनी नये अंदाज में प्रजेन्ट होने वाली है।

MAHADEV®
SHREE MAHADEV TEXFAB
INNOVATE | EXCEL | INSPIRENNOVATE




21st - 24th MAY, 2024
HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR

FABEXA AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION 9
must visit us at...
STALL NO. 06


For Inquiry : 9925249006, Web.: www.shreemahadevtex.in
Email: info@shreemahadevtex.com

## गारमेण्ट सेक्टर को फैब्रिक सप्लाई में शीर्ष पायदान पर

# नाकोड़ा फैशन

## मेन्स वियर के लिए कम्पलीट फैब्रिक सोल्यूशन


श्री उत्तम चंद सोठानी


श्री कुमार जैन

अहमदाबाद/ मेंस रेडीमेड गारमेण्ट्स के लिए कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स उत्पादन में सिद्धहस्त कंपनी नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. विगत 4 दशक से मेन्स फैशन इण्डस्ट्री की फैब्रिक जरूरतों को बखूबी पूरा कर रही है। स्थानीय मण्डी में गारमेण्ट फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी इस कंपनी द्वारा देश की अपेरल इण्डस्ट्री के लिए कॉटन एवं ब्लेंडेड फैब्रिक्स का उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उत्तमचंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के नेतृत्व में संचालित 'नाकोड़ा फैशन' कंपनी हर छोटे-बड़े अपेरल ब्राण्ड की कसौटी पर खरी उतरी है। देश की लगभग सभी गारमेण्ट मण्डियों में कंपनी का मजबूत विपणन नेटवर्क स्थापित है। मेन्स फैशन के लिए समर्पित यह कंपनी नियमित डवलपमेण्ट एवं इनोवेशन के लिए भी जानी जाती है। कंपनी द्वारा हर सप्ताह नये कलर एवं डिजाइंस इन्ट्रोड्यूस किए जाते हैं।


श्री विक्रम जैन


श्री गौतम जैन


श्री सुनील जैन


श्री कनिष्क जैन


श्री राहिल जैन

**युवा नेतृत्व** नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. के कामकाज में श्री उत्तम चंद सोठानी एवं श्री कुमार जैन के युवा सुपुत्र श्री विक्रम जैन, श्री सुनील जैन, श्री गौतम जैन, श्री कनिष्क जैन, श्री राहिल जैन एवं श्री पूजन जैन अहम् भूमिका निभा रहे हैं। इनके युवा नेतृत्व में कंपनी अनवरत प्रगतिपथ पर अग्रसर है।

### वाइडेस्ट फैब्रिक कलेक्शन

नाकोड़ा फैशन द्वारा आगामी सीजन के लिए नये फैब्रिक डवलपमेण्ट्स पेश किए जा रहे हैं। युवा डायरेक्टर श्री कनिष्क जैन ने बताया कि दुर्गा पूजा, ओणम, दीपावली एवं विण्टर सीजन के लिए कंपनी नये-नये इनोवेशंस कर रही है। सूटिंग में प्लेन, प्रिण्ट, डॉबीज नये डिजाइंस तैयार किए गए है। वहीं शर्टिंग में नई फैब्रिक वैरायटीज में डिजिटल प्रिण्ट, पीवी प्रिण्ट, बुटिक टाइप प्रिण्ट्स, सांगानेरी प्रिण्ट्स सहित ऑल टाइम हिट चैक्स-पट्टा, छोटे प्रिण्ट्स आदि मल्टीपल डिजाइंस की अच्छी डिमाण्ड है। 100 प्रतिशत कॉटन सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स में सैंकड़ों क्वालिटीज में हजारों डिजाइन्स का विशाल कलेक्शन नाकोड़ा फैशन की सबसे बड़ी स्ट्रेन्थ है, वहीं सभी उपलब्ध क्वालिटीज एवं डिजाइन्स में भरपूर स्टॉक मेंटेन रखना इसकी क्षमता को दर्शाता है। विश्वस्तरीय कॉटन फैब्रिक में वाइडेस्ट रेंज की बदौलत आज नाकोड़ा फैशन देश की समस्त गारमेण्ट उत्पादक मण्डियों में फैब्रिक की बिक्री में अग्रणी पायदान पर है।

### प्रीमियम सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक्स

**कॉटन सूटिंग फैब्रिक्स** में नाकोड़ा फैशन की क्वालिटी एवं डिजाइंस नायाब होती है। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुसार उत्पादन लेने में माहिर यह कंपनी कॉटन, कॉटन लाइक्रा, प्रिण्टेड कॉटन, प्लेन कॉटन, कॉटन ब्लेण्डेड, साटिन प्लेन, साटिन प्रिण्ट लाइक्रा, ट्विल, डबल क्लॉथ, निटिंग क्लॉथ, लाफर प्रिण्ट, डेनिम लुक आदि रेंज में सैकड़ों डिजाइंस का उत्पादन वृहद स्तर पर कर रही है। फॉर्मल एवं केजुअल ट्राउजर के लिए उपयोगी प्लेन, प्रिण्ट, स्ट्रक्चर, डोबी सभी तरह के डिजाइनर फैशन फैब्रिक्स में कम्पनी बिक्री के कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

**कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स** के उत्पादन में नाकोड़ा फैशन प्रा.लि. ने विशाल डिजाइनर कलेक्शन एवं क्वालिटी प्रॉडक्शन के दम पर सूटिंग की भांति शर्टिंग में भी रेडीमेड गारमेण्ट मण्डियों में विशेष पहचान बनाई है। कम्पनी 100 प्रतिशत कॉटन, कॉटन लाइक्रा, पोली लाइक्रा, इम्पोर्टेड लाइक्रा शर्टिंग फैब्रिक्स में डिजिटल प्रिण्ट, डोबीज, चैक्स आदि डिजाइंस में व्यापक च्वॉइस प्रदान कर रही है। फैशनेबल एवं ट्रेंडी रेडीमेड शर्ट्स बनाने वाले गारमेंटर्स द्वारा नाकोड़ा फैशन के शर्टिंग फैब्रिक्स चयन श्रेष्ठतम विकल्प के तौर पर किया जाता है।


### फैबेक्सा में नई फैब्रिक रेंज की लॉन्चिंग

नाकोड़ा फैशन की ओर से फैबेक्सा - 9 के लिए जमकर तैयारी की गई है। आगामी विण्टर, फेस्टिव एवं SS-25 सीजन के लिए तैयार 150-200 क्वालिटी नई लॉन्च की जाएगी। श्री सुनील जैन ने बताया कि मेन्स फैशन के लिए सूटिंग एवं शर्टिंग दोनों सेगमेंट व्यापक रेंज में तैयार की है।











# सी.सी. शाह एण्ड कंपनी

## शर्टिंग एवं बॉटम वियर फैब्रिक्स में प्रीमियम रेंज प्रदाता कंपनी


श्री कुमार परीख


श्री निलय परीख

